डांसिंग फ्रॉग

[स्रोत: डाउन टू अर्थ]

हाल ही में भारतीय वन्यजीव न्यास द्वारा IUCN प्रजाति उत्तरजीविता आयोग (Species Survival Commission) के उभयचर विशेषज्ञ समूह द्वारा समन्वित [वैश्विक उभयचर मूल्यांकन के द्वितीय संस्करण] का आकलन किया गया, जिससे इस बात पुष्टि होती है कि भारत की उभयचर प्रजातियों में डांसिंग फ्रॉग सर्वाधिक खतरे में है। ये [पश्चिमी घाट] के स्थानिक जीव हैं।

- माइक्रिक्सलस जीनस से संबंधित मेंढकों की 24 प्रजातियों में से दो को गंभीर रूप से लुप्तप्राय पाया गया और 15 को लुप्तप्राय पाया गया। परिणामस्वरूप, वे इंडो-मलायन प्रजातियों में सबसे संकटग्रस्त हैं।
- यह विश्व का पाँचवाँ सबसे असुरक्षित जीनस है और इसकी 92% प्रजातियाँ खतरे में हैं।

डांसिंग फ्रॉग:

- **परिचय:**
  - डांसिंग फ्रॉग **माइक्रिक्सलस जीनस** से संबंधित मेंढकों का एक समूह है।

- **व्यवहार और संसर्ग प्रदर्शन:**
  - डांसिंग फ्रॉग में एक विशिष्ट संसर्ग प्रक्रिया होती है जिसमें पैर हिलाने की विशेषता होती है, जहाँ **नर अपने पश्च पादों को फैलाते** और **अपने जालदार पंजों को हिलाते** हैं।
  - यह दृश्य प्रदर्शन मादा फ्रॉग को आकर्षित करने और प्रतिद्वंद्वी नर फ्रॉग को संकेत देने में सहायता करता है।
- **पर्यावास प्राथमिकता:**
  - ये **सघन छत्र वाले आवरण में निवास** करना पसंद करते हैं, ये आमतौर पर (लगभग 70-80%) **पश्चिमी घाट में धीमे प्रवाह वाली बारहमासी नदियों के पास** पाए जाते हैं।
- **जोखिम:**
  - डांसिंग फ्रॉग की संख्या विभिन्न मानवजनित कारकों के कारण खतरे में है **जिनमें मच्छर, मछली जैसी आक्रामक प्रजातियाँ**, भूमि उपयोग में परिवर्तन, तापमान और आर्द्रता भिन्नताएँ, विषम मौसम की घटनाएँ, संक्रामक रोग, जल प्रदूषण, प्रकाश प्रदूषण एवं बाँध जैसी बुनियादी ढाँचा परियोजनाएँ शामिल हैं।

- इन प्रजातियों के अस्तित्व के लिये इनके प्राकृतिक आवासों की रक्षा और इष्टतम स्थिति बनाए रखना महत्त्वपूर्ण है। हालाँकि **विश्व स्तर पर उभयचरों की संख्या घट रही है** जिनमें एक बहुत बड़ी आबादी पर विलुप्त होने का खतरा मंडरा रहा है।

- **संरक्षण के प्रयास:**
  - भारतीय वन्यजीव ट्रस्ट की '**उभयचर पुनर्प्राप्ति परियोजना**' जैसी संरक्षण पहलें सक्रिय रूप से उन चुनौतियों का समाधान करने में सक्षम हैं जो उभयचर प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा उत्पन्न करती हैं।
  - इन प्रयासों में खतरे के प्रतिकूल प्रभावों को कम करना, संरक्षण कार्य योजना, क्षमता विकास, प्रशिक्षण, समर्थन और आवश्यक सूचना साझा करना शामिल है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/dancing-frog